समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# अब आसान हुआ पायलट बनना ! DGCA खुद कराएगा RTR परीक्षा, नहीं झेलनी पड़ेगी दो एजेंसियों की दौड़ ।

Publisher Published on 28 Jun 2025



## पायलट बनने वालों के लिए राहत की खबर ।

**DGCA:** अब भारत में **पायलट बनना और भी आसान** हो गया है। केंद्र सरकार के नए फैसले के अनुसार, अब **DGCA (नागर विमानन महानिदेशालय)** खुद ही **RTR परीक्षा** आयोजित करेगा। पहले यह परीक्षा **दूरसंचार विभाग (WPC)** द्वारा आयोजित की जाती थी, जिससे अभ्यर्थियों को दो विभागों के चक्कर लगाने पड़ते थे। इस बदलाव से अब सारी प्रक्रिया एकल एजेंसी के जरिए पूरी होगी।

**क्या है नया नियम ?**

नए नियम के मुताबिक, अब **कमर्शियल पायलट लाइसेसं (CPL)** के साथ-साथ **रेडियो टेलीफोन रिस्ट्रिक्टेड (RTR) सर्टिफिकेट** भी **DGCA** द्वारा ही जारी किया जाएगा। इस बदलाव की घोषणा **नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू** ने की और इसे **भारतीय वायुयान अधिनियम 2025** के तहत लागू किया गया है, जो 1 जनवरी 2025 से प्रभावी है।

**दो एजेंसियों की झंझट खत्म**

अब तक पायलट बनने की प्रक्रिया में दो सरकारी एजेंसियों –

१. **DGCA से CPL और**

२. **दूरसंचार विभाग (WPC) से RTR सर्टिफिकेट**

**लेना पड़ता था।**

३. **अब ये दोनों प्रमाणपत्र एक ही विभाग DGCA से मिल जाएंगे, जिससे प्रक्रियात्मक देरी और भ्रम खत्म होगा।**

**RTR परीक्षा क्यों होती है जरूरी ?**

**RTR परीक्षा** उन लोगों के लिए जरूरी होती है जो विमान या हवाई यातायात नियंत्रण से जुड़े **रेडियो संचार** उपकरणों का संचालन करते हैं, जैसे –

१. **पायलट**

२. **एयर ट्रैफिक कंट्रोलर**

३. **वैमानिकी रेडियो ऑपरेटर**

४. **अब इस परीक्षा का आयोजन भी DGCA द्वारा ही किया जाएगा।**

**सिंगल विंडो सिस्टम की तैयारी**

**मंत्री राम मोहन नायडू** ने कहा कि **6 महीने** के भीतर नए **RTR** नियमों को अधिसूचित कर दिया जाएगा। साथ ही, एक **सिंगल-विंडो पोर्टल** शुरू किया जाएगा, जहां पायलट संबंधी सारी प्रक्रिया एक ही जगह पूरी हो सकेगी।

**युवाओं के लिए सुनहरा अवसर**

इस कदम से उम्मीद की जा रही है कि अब ज्यादा **युवा विमानन क्षेत्र** में करियर बनाने के लिए आगे आएंगे।

१. **प्रक्रिया आसान होगी**

२. **देरी कम होगी**

३. **एक ही प्लेटफॉर्म से सर्टिफिकेशन संभव होगा**

४. **यह बदलाव भारतीय एविएशन सेक्टर मे एंक ऐतिहासिक सुधार माना जा रहा है।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.